चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : व्या0पाठ्0 / प्रयो0 / 889
दिनांक : ~~29.07.2021~~ 30/7/2021

संशोधित प्रेस–विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय द्वारा सम सेमेस्टर की जिन भूतपूर्व छात्र/छात्राओं की विशेष सैद्धान्तिक परीक्षा–2020 (SPECIAL EXAM-2020) माह फरवरी 2021 मे आयोजित करायी गयी थी। उन छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा कॉलेज ऑफ एप्लाइड एजूकेशन एण्ड हैल्थ सांइसेज, गंगोत्री, रूड़की रोड मेरठ (कालेज कोड–967) में **दिनांक 02.08.2021 दिन सोमवार को प्रातः 10 बजे से आयोजित कराये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा प्रेस–विज्ञप्ति संख्या–830 दिनांक 17.07.2021 जारी की गई थी किन्तु विश्वविद्यालय द्वारा अपरिहार्य कारणोंवश उक्त निर्धारित तिथि को आयोजित होने वाली प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा स्थगित किये जाने तथा उसके स्थान पर दिनांक 17.08.2021 को प्रातः 10 बजे से प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने का निर्णय लिया गया है।**

उक्त के अतिरिक्त एतदद्वारा यह भी सूचित किया जाता है **कि व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अर्न्तगत विभिन्न पाठ्यक्रमों/विषयों (बी0एड पाठ्यकम को छोडकर) के एसे विद्यार्थी जो किन्हीं कारणवश प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके हैं, उन्हें छात्रहित मे एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए उनकी भी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा कालेज ऑफ एप्लाइड एजूकेशन एण्ड हैल्थ सांइसेज, गंगोत्री, रूड़की रोड मेरठ (कालेज कोड–967) में दिनांक 17.08.2021 को प्रातः 10 बजे** आयोजित करायी जायेगी।

अतः सम सेमेस्टर के ऐसे सभी छात्र/छात्राऐं जो कालबाधित की श्रेणी में नहीं आते हैं और अपनी उपाधि पूर्ण करने हेतु प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में समिलित होना चाहते है, वे अपना **आवेदन–पत्र सम्बन्धित महाविद्यालय से अग्रसारित कराकर तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क विश्वविद्यालय परिसर स्थित इंडियन बैंक मे जमा कराकर एवं सम्बन्धित सेमेस्टर की अंकतालिका की छायाप्रति संलग्न कर अपना प्रत्यावेदन प्रोफेशनल विभाग (कमरा नं0 308) में दिनाक 14.08.2021 तक प्रत्येक दशा में अवश्य जमा कर** दें ताकि उन छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा उक्त परीक्षा केन्द्र पर उक्त निर्धारित तिथि एवं समय पर सम्पन्न कराई जा सके।

उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् विश्वविद्यालय द्वारा इस सम्बन्ध मे कोई भी प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

29.07.2021
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

01. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. सचिव, प्रतिकुलपति को प्रतिकुलपति जी के सूचनार्थ।
03. आशुलिपिक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक के सूचनार्थ।
05. सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को इस आशय से प्रेषित कि वे समस्त सम्बन्धित परीक्षार्थियो को प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा से सूचित कराया जाना सुनिश्चित करते हुए उक्त निर्धारित अवधि में प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने का कष्ट करें तथा प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन कराकर अंकपर्णे की दो प्रतियां प्रोफेशनल विभाग (कमरा नं0 308) में जमा कराना सुनिश्चित करें।
06. प्रेस प्रवक्ता चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

सहा0 कुलसचिव
(व्या0पाठयकम)